तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 3 मार्च 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

12 दुर्गूकोंदल में मावा मोदोल पुस्तकालय शुरू ...



12 राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर जिला स्तरीय स्पर्धा में ...



## सियासत : डस्टबिन व घास गायब, असामाजिक तत्व कर रहे तोड़फोड़

# नगर पालिका की नई टीम के लिए शपथ के बाद बड़ी चुनौती होगी जर्जर मरीन ड्राइव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पंपलेट लगाने वालों पर संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत नहीं हो रही कार्रवाई
- निगम का सफाई अमला गायब रहने से गंदगी का बना हुआ है आलम

मरीन ड्राईव में सुबह और शाम शहर के लोग घूमने के लिए आते है, परंतु विगत छ : माह से मरीन ड्राईव की हालत जर्जर हो गई है। इसे ठीक करने के लिए नगरपालिका की नई टीम के लिए बड़ी चुनौती होगी। नगरपालिका की नई टीम इस चुनौती को कितना और कब तक ठीक कर पाएगी, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। मरीन ड्राईव में आने वाले अब कह रहे है कि शायद नगरपालिका की नई टीम कुछ करके दिखा दे। मरीन ड्राईव में देर रात और अलसुबह असामाजिक युवाओं की भीड़ पहुँचती है जो पाथवे के किनारे लगे पत्थर पर चढ़कर गिराते रहते है। इसके अलावा बैठने वाले स्थल पर लगने वाले पौधा स्थल को भी तोड़फोड़ करते रहते है। गेट दिनभर खुले होने के कारण इंसान के अलावा गाय और कुत्तों का जमावड़ा बना रहता है। ऐसी कई अव्यवस्थाएं है, जिससे वहाँ पर गंदगी ही नजर आती है, इस फैली अव्यवस्था को ठीक करने के लिए नगर पालिका के जिम्मेदार अमला नहीं पहुँच पा रहा है।

सुबह सफाई करने के लिए कुछ कर्मचारियों को तैनात किया गया था, परंतु चुनाव के पहले से सभी कर्मचारी भी गायब है, जिसके चलते मरीन ड्राईव में केवल अवयवस्था ही नजर आ रही है। मरीन ड्राईव की तरह शीतलापारा में तालाब किनारे बनाए गए पाथवे का हाल है। सौंर्दयीकरण करके छोड़ दिया गया है, उसे बनाए रखने के लिए कोई पहल नहीं किया जा रहा है। सौंर्दयीकरण करके भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। नगरपालिका की नई टीम के अध्यक्ष से लेकर पार्षद यहाँ की एक एक समस्या से वाकिफ है, नई टीम के लिए यह बड़ी चुनौती है कि मरीन ड्राईव को उसी तरह का कर दें, जैसे शुभारंभ के दिन दिख रहा था।



लान की पूरी घास सूख गई, घूमते हुए गाय का बछड़ा



डस्टबीन के फ्रेम नजर आ रहे, डिब्बे हुए गायब



पंपलेट लगाकर गंदगी फैलाने वाली कंपनी

### गाय व कुत्तों का रहता है जमावड़ा

मरीन ड्राईव के बड़े गेट और छोटे गेट की हालत ठीक नहीं होने के कारण गेट दिनभर खुले रहते है, जिसके चलते आसपास घूमने वाली लावारिश गाय, उनके बछड़े व कुत्तों का जमावड़ा देखा जा सकता है। शहर के लोग घूमने आते है, वे भी इस नजारे को देखते है, परंतु उनको बाहर भगाने के लिए भी प्रयास नहीं करते है। जैसा प्रशासन, वैसी जनता, कोई भी जिम्मेदारी लेने के लिए सामने नहीं आता है।

### पानी नहीं डलने से हुई घास खराब

नगरपालिका के कर्मचारियों के द्वारा लगातर पानी नहीं डालने से लान में लगी घास सूख गई है और कई जगह तो गायब तक हो गई है। कई पेड़ पौधे भी सूख गए है। इस कार्य के लिए जिन कर्मचारियों को तैनात किया गया था, उनको किसके आदेश से हटाया गया। इस मामले में जिस अधिकारी व कर्मचारी के द्वारा लापरवाही बरती गई है, क्या नई टीम उसकी जांच करवाकर कार्यवाही करवाएगा, यह पहले जैसे सब चलेगा।

### डस्टबीन हुए गायब

डस्टबीन के लिए लोहे के फ्रेम बनाकर उसमें प्लास्टिक के डिब्बे लगाए गए थे, परंतु चुनाव के पहले से कई डिब्बे गायब हो गए है। कुछ लोगों का मानना है कि कई डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिसे कबाड़ी उठाकर बेंचने के लिए ले गए। मरीन ड्राईव पर पहुँचने वाले अब कचरा को जहाँ चाहे, वहाँ फेंक रहे है। शपथ लेने के बाद ही नगर पालिका प्रशासन सक्रिय होगा और उसके बाद शायद कचरा डिब्बे लगाएं।



असमाजिक तत्वों ने किया तोड़फोड़

### पंपलेट व पोस्टर चस्पा करने का खेल जारी

मरीन ड्राईव में आनलाईन नौकरी देने के नाम पर जगह जगह पंपलेट चस्पा कर दिए गए है, इसके अलावा इनके द्वारा नगर पालिका के पानी टैंकर में भी चस्पा किए गए। मरीन ड्राईव के गेट पर भी पोस्टर चस्पा होते रहते है। ऐसे लोगों पर संपत्ति विरूपण नियम के तहत कड़ी कार्यवाही जब तक नहीं की जाएगी, तब तक इस तरह के पंपलेट लगाने वाले बाज नहीं आएंगे।

### तोड़फोड़ करने वालों पर हो कार्रवाई

मरीन ड्राईव में भ्रमण करने वाले शहर के वरिष्ठजनों का कहना है कि परिसर में कई जगह कैमरे लगा दिए जाएं और उसकी मानीटरिंग किया जाए। लापरवाही बरतने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ चालानी कार्यवाही निरंतर किया जाएं, तभी यह ठीक रह पाएगा। शहर के लोगों को भी सोचना चाहिए कि यह एक सुंदर स्थल बन गया था, उसे सुंदर बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी की है।

## खबर संक्षेप

### दुर्गूकोंदल की सड़कों का हुआ डामरीकरण



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल से संबलपुर भानुप्रतापपुर मार्ग में पेंचवर्क डामरीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया। ज्ञात हो कि इस संबंध में समाचार पत्रों में लगातार प्रकाशित किया जा रहा था और विभाग हरकत में आकर यह कार्य प्रारंभ कर दिया। दुर्गूकोंदल क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और व्यापारियों के द्वारा लगातार शासन प्रशासन से मांग किया जा रहा था। बारिश के बाद पेंचवर्क का कार्य नहीं होने से जगह-जगह गड्ढे होने से आवागवन में परेशानी हो रही थी, वही कई दुर्घटनाएं हो रही थी। विभाग ने मरम्मत कार्य सही ढंग से किया, तभी जनता का उद्देश्य पूरा हो पाएगा।

### एकलव्य के लिए प्रवेश परीक्षा में 487 शामिल



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के तीन विद्यालयों में 2 मार्च को एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा विकासखंड मुख्यालय के तीन विद्यालयों बालक माध्यमिक शाला, कन्या माध्यमिक शाला एवं सेजेश दुर्गूकोंदल में हुई। एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने बताया कि विकासखंड के प्राथमिक शालाओं से 518 बच्चों ने परीक्षा के लिए पंजीयन फार्म भरे थे, जिसमें 487 बच्चों ने परीक्षा दिया और 31 बच्चे अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा सुबह साढ़े 9 बजे प्रारंभ हुई। परीक्षा देकर निकले बच्चों में उत्साह देखने को मिला।

### ठेठवार यादव महासभा में रीति- नीति पर चर्चा



**चारामा।** ठेठवार यादव समाज का वार्षिक दो दिवसीय महासभा इस वर्ष भी ग्राम कनहार में हर्षोल्लास के साथ हुआ। समाज के रीति-नीति को मजबूती देने और युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस महासभा में समाज के लोग शामिल हुए। महासभा में सामाजिक समरसता, युवाओं की भागीदारी, महिला सशक्तिकरण और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर चर्चा किया गया। महासभा के दूसरे दिन महिला प्रकोष्ठ ने सभा की कमान संभाली। समाज में महिलाओं की भूमिका को और मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में शामिल सभी सदस्यों ने समाज की एकता और समृद्धि को बनाए रखने का संकल्प लिया।

### बांगाबारी पंचायत में पंच व सरपंच सभी निर्विरोध जीते



**दुधावा।** नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बांगाबारी में इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में गांव के सामूहिक फैसले ने यह साबित कर दिया कि जब एकता व विकास की सोंच साथ हो तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया और भी सशक्त हो सकती है। गांव वालों का कहना है कि हमें आपस मे लड़ना नही, विकास का काम करना है। विकास का काम तभी होगा, जब हम आपस मे लड़ेंगे नही और सब मिलकर काम करेंगे। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक सुकाउराम मरकाम, हीरा नेताम और रसलाल नेताम ने कहा कि गांव में आपसी रजामंदी से बैठक में तय किया कि राजनीति द्वंद में गांव का माहौल खराब न ▶▶| शेष पेज 10 पर

## मयाना के सूने मकान में दिनदहाड़े 58 हजार की चोरी, पुलिस जांच में जुटी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत ग्राम मयाना के सूने घर से अज्ञात चोर ने नगद व सोने चांदी के जेवरात समेत कुल 58 हजार रूपए की चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। खबर मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन में लग गई। चारामा थाना में चोरी की शिकायत करने पहुंचे मयाना निवासी 58 वर्षीय जागेशवर यादव पिता झाडूराम यादव ने पुलिस को बताया कि मेरी बहू गर्भवती होने के कारण 28 फरवरी को डिलेवरी का समय होने से मेरा लड़का अक्षय कुमार यादव तथा मेरी पत्नी सकुन यादव दोनो 102 वाहन से बहू को सरकारी अस्पताल चारामा लेकर गए। मैं घर में ताला लगाकर घर के मवेशियों को चराने के लिए जंगल की ओर ले गया और शाम को लगभग 5 बजें घर वापिस और मवेशियों को उनके स्थान पर बांधकर घर के दरवाजा का ताला खोलने गया तो देखा कि घर के सामने दरवाजा पर लगाया हुआ ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। बेटा और बहू के कमरे के आलमारी का दरवाजा खुला हुआ था तथा आलमारी में रखे सोना का मराठी माला वजनी करीब 6 ग्राम कीमती करीब 15 हजार रूपएं, चांदी का करधन 7 हजार रूपएं, 2 जोड़ी चांदी का पायल किमती 6 हजार रूपएं एवं नगदी रकम 30 हजार रूपएं को अज्ञात चोर चोरी कर लिया था। यह घटना 28 फरवरी की सुबह 10 बजें से शाम 5 बजें बीच की है। अज्ञात चोर ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी की ▶▶| शेष पेज 10 पर

## एनएच 30 पर पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



चारामा थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसों का सिलसिला रूकने का नाम ही नही ले रहा। आए दिन सड़क दुर्घटना में कई घायल हो रहें है, तो कई लोगो की जान जा रही है। झीपाटोला के पास पिकप वाहन के चालक ने बाईक सवार युवक को सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना भयंकर था कि बाईक सवार युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक के पिता ने दुर्घटना की शिकायत चारामा थाना में किया। थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम खैरखेड़ा निवासी 55 वर्षीय नारद नेताम ने पुलिस को बताया कि 1 मार्च को मेरा बेटा योगेश कुमार नेताम मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 4095 में सवार होकर लखनपुरी गया था। अपने दोस्त सत्या मंडावी को लखनपुरी से छोड़ने के लिए झीपाटोला गया था, झीपाटोला में छोड़ने के बाद अकेले मोटर सायकल से खैरखेड़ा आ रहा था। वापिस लौटने के दौरान शाम साढ़े 7 बजें झीपाटोला के मुर्गी फार्म के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में कांकेर की ओर से आ रही बैगनी रंग का वाहन क्रमांक सीजी 05 एएन 9574 के चालक ने वाहन को अत्यंत तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिसमें मोटर सायकल चला रहे मेरे बेटे योगेश नेताम के सिर, हांथ, पैर में गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मोटर सायकल भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पीएम के लिए चारामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा और 2 मार्च को पीएम के उपरांत शव को परिजनों को सौंपा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## जिपं अध्यक्ष बनाने पर्यवेक्षक ने विजयी सदस्यों से की वार्ता व संभावनाएं टटोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- भाजपा कोर कमेटी की बैठक के बाद पर्यवेक्षक ने बंद कमरे में किया संवाद और जानी राय




कमल सदन में जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनाने को लेकर 2 मार्च को कोर कमेटी की बैठक हुई। भाजपा से अधिकृत जीतकर आने वाले जिला पंचायत सदस्यों से भी पर्यवेक्षक यशवंत जैन ने बंद कमरे में बातचीत किया और उनसे उनकी राय जानने का प्रयास किया गया। पर्यवेक्षक ने एक-एक सदस्य से अलग अलग बात किया। इसके पहले भाजपा की जिला कोर कमेटी की बैठक हुई और रणनीति पर चर्चा किया गया।

कमल सदन में भाजपा के कोर कमेटी के सदस्य भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व विधायक विक्रम उसेंडी, सांसद भोजराज नाग, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिलाध्यक्ष महेश जैन और जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनाने को लेकर अधिकृत पर्यवेक्षक यशवंत जैन ने रणनीति तैयार किया और कई विषयों पर चर्चा किया गया। इसके उपरांत पर्यवेक्षक ने बंद कमरे में विजयी जिला पंचायत सदस्यों से तारा ठाकुर, तेजेश्वरी सिन्हा, किरण नरेटी, देवेंद्र टेकाम, कामिनी उसेंडी, दीपांकन राय और सुनीता मंडल से अलग-अलग संवाद किया और अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को लेकर उनकी राय भी जानने का प्रयास किया गया। भाजपा के पास केवल तीन जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर, किरण नरेटी और कामिनी उसेंडी एसटी वर्ग से जीतकर आई है और इनमें ही किसी एक का जिला पंचायत अध्यक्ष बनना तय है। पर्यवेक्षक ने संवाद करके बहुमत अनुसार ▶▶| शेष पेज 10 पर

### भानुप्रतापपुर विस से अध्यक्ष बनने का मौका

अध्यक्ष को लेकर यह चर्चा रहा कि जिला पंचायत में आज तक भाजपा से कांकेर और भानुप्रतापपुर विधानसभा से अध्यक्ष बनने का मौका मिल चुका है, परंतु अंतागढ़ से आज तक मौका नहीं मिला है। अंतागढ़ विधानसभा से इस बार 04 में से 03 जिला पंचायत सदस्य जीतकर आएं है। इस बार अंतागढ़ को मौका दिया जाना चाहिए। इसके अलावा कांकेर विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज कराने वाली तारा ठाकुर दूसरी बार जिला पंचायत सदस्य बनी है और पुरी क्षेत्र से जीतने वाली किरण नरेटी शादी के पहले कोंडागांव नगर पालिका की अध्यक्ष रह चुकी है। यह दोनो अनुभवी है, जिसका लाभ दोनो में से किसी एक को मिल सकता है।

## कांग्रेस का पलड़ा भारी फिर भी अध्यक्ष पद के लिए दांव-पेंच शुरू

# दुर्गूकोंदल के 11 जनपद सदस्यों में सात कांग्रेस समर्थित, सभी अज्ञातवास पर, विधायक की चौकसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

- जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव 4 मार्च को





जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में 11 जनपद सदस्य का चुनाव हुआ, जिसमें 07 सदस्य कांग्रेस समर्थित, 03 भाजपा समर्थित और 01 सदस्य सर्व आदिवासी समाज से संबंद्ध है। विधायक सावित्री मंडावी ने कांग्रेस का पलड़ा भारी देखते हुए कांग्रेस से जुड़े सभी 07 जनपद सदस्यों को गुमनाम जगह के लिए रवाना कर दिया है। समीकरण जो दिख रहे है, उससे तय है कि दुर्गुकोंदल जनपद पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की कुर्सी पर कांग्रेस समर्थित सदस्यों का अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनना तय है। यह भी चर्चा है कि सर्व आदिवासी समाज के जनपद सदस्य भी कांग्रेस को समर्थन दे देगा।

जानकारी के अनुसार दुर्गुकोंदल जनपद पंचायत का अध्यक्ष पद इस बार एसटी मुक्त रखा गया है। कांग्रेस समर्थित 07 जनपद सदस्य जीतकर आएं है, जिसमें 02 पुरूष जिसमें एक एसटी व एक अनारक्षित वर्ग से है और 05 एसटी वर्ग की महिलाएं है। कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों का अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनाने के लिए बहुमत है, परंतु व्यवस्था न बिगड़े, उसके पहले कांग्रेस विधायक ने बड़ा कदम उठाते हुए उनको गुमनाम जगह भेज दिया है। कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों में जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 कलंगपुरी से सुलोचना सोमदेव कोरोटी, क्षेत्र क्रमांक 02 हाटकोंदल से आनंद तेता, क्षेत्र क्रमांक 06 सुरुंगदोह से निर्मला कोवाची, ▶▶| शेष पेज 10 पर

### भाजपा समर्थित तीन जीतकर आए

दुर्गूकोंदल विकासखंड में 11 में से केवल 03 में भाजपा समर्थित तीन जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 03 लोहतर से विकास राजू नायक, क्षेत्र क्रमांक 04 बरहेली से पीलम नरेटी और क्षेत्र क्रमांक 09 कोड़ेकुर्सी से अमृता कोटिंगला जीतकर आएं है। इनके सामने तभी सकारात्मक परिणाम आएगा, जब कांग्रेस में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बनाने को लेकर विवाद हो जाएं, अन्यथा कांग्रेस का अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनना तय है। भाजपा अपना अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनाने में कामयाब होते है, तो यह बड़ी बात साबित होगी।

## नवागांव में जलसंकट, पैसे लिए पर मोटर नहीं सुधारी



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम नवागांव में क्रेडा विभाग के द्वारा हेंडपंप मे सौर ऊर्जा का मोटर शिफ्ट किया गया, जो विगत 4 माह से खराब होने के कारण गांव वालों को पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विभाग को दिया, परंतु अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ। नवागांव की महिलाएं रमोतिन नुरुटी, सत्या पटेल, बिसरी बाई कल्लो, सुमित्रा कोमरा, कौशिलया पुड़ो, शकुन नुरुटी ने कहा है कि पिछले 4 माह से सौर ऊर्जा मोटर बंद पड़ा है, जिसको ठीक करने के लिए ग्रामीण महिलाओं से मैकेनिक 1700 रुपएं लेकर गया है, परंतु आज तक मोटर को सुधारने के लिए नहीं आया है। मोटर के ▶▶| शेष पेज 10 पर

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### मड़ई युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति को समझने, जुड़ने का भी मौका: वन मंत्री

**कोण्डागांव।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप आज कोंडागांव जिले के ग्राम मर्दापाल में आयोजित पारंपरिक भंगाराम माता मावली माघ मड़ई मेला में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भंगाराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंत्री श्री कश्यप ने ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेला-मड़ई छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा और संस्कृति की पहचान है। यह आयोजन न केवल आपसी मेल-मिलाप का अवसर प्रदान करता है। बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति को समझने और उससे जुड़ने का भी मौका देता है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों सहित आयोजन समिति के पदाधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में शामिल हुए।

### जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 4 से 9 मार्च तक

**कोण्डागांव।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन संपन्न होने के उपरांत छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा-25 के अंतर्गत जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए समय सारिणी जारी कर दी गई है। इसके अनुसार अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए सम्मेलन जनपद पंचायत फरसगांव में 04 मार्च को, जनपद पंचायत कोण्डागांव एवं जनपद पंचायत माकड़ी में 5 मार्च को होगा। जनपद पंचायत केशकाल में 8 मार्च को, जनपद पंचायत बड़ेराजपुर में 9 मार्च को संपन्न होगा। इसी प्रकार जिला पंचायत कोण्डागांव में 7 मार्च को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु सम्मेलन आयोजित होगा। साथ ही जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में उप संरपंचों का निर्वाचन 8 मार्च को होगा।

### सफाई मित्र व स्वच्छता दीदियों को वितरित किया सुरक्षा किट



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के नगर पंचायत बारसूर में नगर पालिका अधिकारी गिरीश तिवारी द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु समस्त सफाई मित्र व स्वच्छता दीदियों को सुरक्षा किट का वितरण किया गया। इस दौरान सफाई कर्मियों के सुरक्षा के लिए ड्रेस, ग्लब्स एवं अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि बारसूर नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में नगर पंचायत के कर्मियों का बहुत बड़ा योगदान है। नगर पंचायत भी सफाई कर्मियों के हर कदम में साथ खड़ा है। नगर को सफाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट बनाना ही सबका लक्ष्य होना चाहिए। पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में बेहतर सफाई हो यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत सभी सफाई कर्मियों के साथ है। इस दौरान नगर पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन-2025 : महिला वर्ग 21 किमी में इथियोपिया की हिवेत जेब्रीवाहिद ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

# हजारों धावकों को पीछे छोड़ उत्तरप्रदेश के अक्षय कुमार ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा द्वारा आज अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन 2025 के चौथे आयोजन में शामिल होकर बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल के खेल मैदान में सुबह 5.30 बजे से मैराथन दौड़ की शुरूआत की गई। मैराथन दौड़ शुरू होने के पूर्व हजारों धावकों को वार्मअप कराने के लिए जुम्बा डॉस कराया गया, जिसका धावकों ने खूब आनंद लिया। मैराथन दौड़ ओरछा विकासखंड के ग्राम बासिंग में संपन्न हुई जहां विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

- महिला वर्ग 10 किलोमीटर में उत्तरप्रदेश की अमृता पटेल प्रथम और इथियोपिया की प्री वेक्नी द्वितीय

बस्तर आईजी सुंदरराज पी एवं कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने अतिथियों का स्वागत किया और मैराथन आयोजन के उदेश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, बृजमोहन देवांगन, गौतम एस गोलछा, संध्या पवार, डीआईजी दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुरिया, अपर कलेक्टर बीरेनद्र बहादुर पंचभाई, अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर जय उरांव, एसडीएम गौतम पाटिल, अभयजीत मण्डावी, मण्डावी, डिप्टी कलेक्टर डॉ. सुमित गर्ग, भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारीगण, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रथम स्थान विजेताओं को मेडल और 1 लाख 50 हजार रुपए की राशि उनके खाते में आरटीजीएस के माध्यम से अंतरण की जाएगी। वहीं द्वितीय स्थान को 1 लाख रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को 75 हजार रूपए की राशि चैक के माध्यम से पुरस्कृत किया गया। मैराथन दौड़ में 10वां स्थान प्राप्त करने वालों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही नारायणपुर जिले और ओरछा विकासखंड के 10 पुरुष और 10 महिला वर्ग विजेताओं को भी मेडल और 5-5 हजार रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। सांसद महेश कश्यप ने सभी विजय धावकों को अपनी शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

#### खास बातें

- पुरुष वर्ग 10 किलोमीटर में उत्तप्रदेश के मोनूकुमार और नागपुर की पीयूष मसानी द्वितीय स्थान
- महिला वर्ग 5 किलोमीटर में सूरजपूर की सोनिका राजवाड़े और द्वितीय स्थान रायपुर की ईशारानी सिन्हा
- वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप एवं धरसींवा विधायक अनुज शर्मा और अन्य अतिथियों ने विजेताओं को किया पुरस्कृत



#### 11 हजार से अधिक धावकों ने कराया था पंजीयन

इस मैराथन दौड़ के लिए छत्तीसगढ़ समेत देश के विभिन्न राज्यों के लगभग 11 हजार से अधिक धावकों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया था। मैराथन दौड़ आज सवेरे 5.30 बजे जिला मुख्यालय के बालक उच्चतर माध्यमिक विधालय के मैदान से शुरू हुई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आकांक्षा शिक्षा खलको ने मैराथन के सफल आयोजन हेतु सभी का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी प्रतिभा शर्मा और व्याख्याता नारायण प्रसाद साहू ने किया।



#### ये रहे विजेता




"अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन" दौड़ में हजारों धावकों ने दौड़ लगायी, जिसमें पुरूष वर्ग में उत्तर प्रदेश के अक्षय कुमार ने 1 घंटा 2 मिनट 15 सेकंड में और महिला वर्ग में इथियोपिया की हिवेत जेब्रीवाहिद ने 1 घंटा 13 मिनट 1 सेकेण्ड में 21 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरूष वर्ग में इथियोपिया के फिरोमसा 1 घंटा 2 मिनट 52 सेकेण्ड और महिला वर्ग में उत्तरप्रदेश की रेनूसिंह 01 घंटा 13 मिनट 18 सेकेंड में दौड़ लगाकर द्वितीय स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग में मोहल्लामानपुर के फुकेश्वर लाल देसमुख ने 1 घंटा 4 मिनट 14 सेकेण्ड और महिला वर्ग में बिहार की अंजली ने 1 घण्टा 14 मिनट 46 सेकेण्ड समय लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। 10 किलोमीटर पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान मोनू कुमार, द्वितीय पीयूष मसानी और तृतीय स्थान दीपक कुमार ठाकुर प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान उत्तरप्रदेश की अमृता पटेल, द्वितीय स्थान इथियोपिया की प्री वेक्कनी और तृतीय स्थान उत्तर प्रदेश की अन्नुपाल ने प्राप्त की। इसी प्रकार 5 किलोमीटर महिला वर्ग में प्रथम स्थान सूरजपूर की सोनिका राजवाड़े, द्वितीय स्थान रायपुर की ईशारानी सिन्हा और तृतीय स्थान सरगुजा की ममता पैकरा तथा पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया।

# गुण्डाधुर महाविद्यालय कोंडागांव में हुआ लीड-36 चयन परीक्षा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नेतृत्व साधना केंद्र फाउंडेशन द्वारा संचालित लीड-36 के तहत लोक सेवा आयोग परीक्षा की निःशुल्क आवासीय कोचिंग के लिए चयन परीक्षा का आयोजन छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में 2 मार्च को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

- 90 ने कराया पंजीयन, 48 ने लिया भाग

इसी कड़ी में शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भी परीक्षा आयोजित की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी. आर. पटेल के मार्गदर्शन और जिला संगठक रासेयो कोंडागांव शशिभूषण कन्नौजे के निर्देशन में परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षा के लिए 90 परीक्षार्थियों ने ऑनलाइन पंजीयन किया था। जिनमें से 48 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा में कुल 80 वस्तुनिष्ठ प्रश्न और 5 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए। परीक्षा केंद्र में कमलेश मरकाम और देवेंद्र सेठिया ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। लीड-36 कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर से 70 छात्र-छात्राओं का चयन किया जाता है जो आर्थिक, सामाजिक और भौगोलिक रूप से पिछड़े परिवारों से आते हैं। चयनित विद्यार्थियों को सीजीपीएससी परीक्षा की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग, लाइब्रेरी सुविधा, टेस्ट सीरीज और परीक्षा अनुरूप मार्गदर्शन निःशुल्क प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही आवासीय सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। यह परीक्षा हर वर्ष कोंडागांव में आयोजित की जाती है, और यहां के कई विद्यार्थी इस परीक्षा में चयनित होकर प्रतिष्ठित सेवाओं में अपना भविष्य संवार रहे हैं।



# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 150 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

- विधायक लता उसेण्डी सहित जनप्रतिनिधियों ने नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आज शहर के डी.एन.के. कॉलोनी ग्राउंड में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में150 जोड़े विवाह सूत्र में बंधे और उन्होंने अपने नए जीवन की शुरुआत की।

कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर गरीब परिवार के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी माता-पिता को अपनी बेटी की शादी के लिए आर्थिक संकट न झेलना पड़े। आयोजन की सफलता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को धन्यवाद दिया। यह योजना बेटियों के माता-पिता की चिंता को दूर करने में सहायक सिद्ध हो रही है। पूर्व विधायक सेवकराम नेताम ने भी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की सराहना की। सामूहिक विवाह के बाद सभी 150 नवविवाहित जोड़ों को सरकार की ओर से विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को कन्या के नाम से 35 हजार रुपए की आर्थिक सहायता का चेक दिया गया। नवविवाहित जोड़ों के परिजनों ने भी इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया। इस दौरान कई गणमान्य लोग एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, दीपेश अरोरा, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर एसडीएम अजय उरांव महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### वैदिक रीति-रिवाजों से हुआ विवाह संपन्न

विवाह समारोह वैदिक रीति-रिवाजों एवं धार्मिक अनुष्ठानों के अनुसार आयोजित किया गया। विवाह कार्यक्रम को गायत्री समाज के प्रतिनिधियों द्वारा संपन्न कराया गया।



# पार्षद बन गए, शपथ ले ली, अब जागो पितामह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम का चुनाव संपन्न हुए काफी दिन हो चुके हैं। शनिवार को शपथ ग्रहण भी हो गया। लेकिन वार्डों की साफ सफाई की स्थिति काफी गंभीर है। रविवार को हरिभूमि ने महारानी वार्ड का जायजा लिया। जहां मुख्य मार्ग पर नालियों में कचरा भरा था। बंगाली समाज और माहेश्वरी भवन के पार्टी का कचरा सड़क के किनारे पड़ा हुआ था जहां मवेशी बासी खाना के साथ झिल्लियां भी निगल रहे थे। महारानी वार्ड के पार्षद पितामह नायक चुने गए हैं। लोगों का कहना है कि अब उन्हें पार्षद बनने और शपथ ग्रहण के बाद सबसे पहले वार्ड की सफाई पर ध्यान देना चाहिए। महापौर ने कहा है कि स्वच्छता में नगर को पहले नंबर पर लाना है। महापौर का निवास भी इसी वार्ड के नजदीक है।



## पेज 9 के शेष

#### मयाना के सूने...

घटना का अंजाम दिया और घर में रखे सोने चांदी के जेवर समेत कुल 58 हजार रूपएं की चोरी कर फरार हो गया। चारामा पुलिस ने चोरी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए मामले की जाँच में जुट गई है।

#### जिपं अध्यक्ष बनाने...

पहले, दूसरे और तीसरे नंबर पर नाम लिखकर पैनल प्रदेश संगठन को भेजा है और प्रदेश संगठन तय करेगा कि कांकेर जिला पंचायत का अध्यक्ष कौन होगा। यह खुलासा संभवतः 5 मार्च को मतदान करने के पहले किया जाएगा।

#### बांगाबारी पंचायत...

हो इसलिए एक मत से सरपंच व पंच का निर्विरोध चुना गया। युवा पंच हेमलाल मरकाम को सर्वसम्मिति से उपसरपंच भी चुन लिया गया। नवनिर्वाचित सरपंच पंच एवं ग्रामीणों ने शनिवार को विजय जुलूस निकाल कर लोगो से आशीर्वाद लिया।

#### नवागांव में...

नहीं सुधरने से ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों की माँग है कि विभाग के आ अधिकारी समस्या को संज्ञान में लेकर समस्या का जल्द निराकरण करें।

#### दुर्गूकोंदल के 11...

से क्षेत्र क्रमांक 08 दुर्गुकोदल से गोपीचंद बढ़ई, क्षेत्र क्रमांक 10 हामतवाही से सुशीला रसालू गावड़े, क्षेत्र क्रमांक 11 कोदापाखा से हेमलता उइके और अनारक्षित वर्ग कांग्रेस समर्थित है और यह सभी जनपद सदस्य विधायक सावित्री मंडावी के मार्गदर्शन में गुमनाम जगह के लिए रवाना हो चुके है। कांग्रेस के जनपद सदस्य नहीं बिखरें, तभी तय है कि कांग्रेस का अध्यक्ष बनेगा। इसके अलावा सर्व आदिवासी समाज से जुड़े क्षेत्र क्रमांक 07 से कोंडे धनसाय हुर्रा जीतकर आएं है और चर्चा है कि यह कांग्रेस का ही सर्मथन करने वाले है।

### 188 बटालियन सीआरपीएफ ने बांटी लेखन सामाग्री आदि


# पालेम में आयोजित हुआ मेडिकल कैंप और सिविक एक्शन प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

188 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा सुकमा जिले के दूरस्थ नक्सल प्रभावित गांव पालेम, सेन्द्रापाल, जगुमुंडा और डोकरीपारा में सिविक एक्शन कार्यक्रम और निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महानिरीक्षक सीआरपीएफ छत्तीसगढ़ सेक्टर राकेश अग्रवाल के निर्देशन उपमहानिरीक्षक सीआरपीएफ रेंज जगदलपुर हरजिंदर सिंह के मार्गदर्शन और कमांडेंट भवेश चौधरी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट के.के. चंद्रा, के.एच. जॉयचंद्र सिंह, अमर सिंह मीणा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चंद्रन सहित 188 बटालियन के जवान, अधिकारी, पालेम के सरपंच भूपेंद्र मंडावी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

#### 500 से अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण

सीआरपीएफ के चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चंद्रन द्वारा आयोजित निःशुल्क मेडिकल कैंप में 500 से अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। इस चिकित्सा शिविर में पालेम, सेन्द्रापाल, जगुमुंडा और डोकरीपारा के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।




#### ग्रामीणों को किया जरूरी सामान और खेल किट वितरित

सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों को बैग और लेखन सामग्री, ग्रामीणों को साइकिल, साड़ी, चप्पल, कंबल, फावड़ा, लुंगी, तौलिया, बर्तन, सोलर लालटेन, पानी की टंकी सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं प्रदान की गईं। इसके अलावा युवाओं के लिए क्रिकेट किट, वॉलीबॉल, फुटबॉल और वॉलीबॉल नेट भी वितरित किए गए। ग्राम पंचायत भवन पालेम में ग्रामीणों के लिए 32 इंच की एलईडी टीवी भी दिया।

#### सीआरपीएफ का प्रयास सुरक्षा के साथ विकास

इस अवसर पर कमांडेंट भवेश चौधरी ने कहा कि सीआरपीएफ सिर्फ सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा, इस तरह के कार्यक्रमों से स्थानीय लोगों और सुरक्षा बलों के बीच विश्वास और सहयोग बढ़ता है। हमारा उद्देश्य ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराकर नक्सल प्रभावित युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना है। ग्रामीणों, शिक्षकों और छात्रें ने सीआरपीएफ द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की। छात्र-छात्राओं और युवाओं को मिले सामान से वे बेहद खुश नजर आए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों और ग्रामीणों के लिए भोजन और जलपान की भी विशेष व्यवस्था की गई। सीआरपीएफ की इस पहल ने गांव में सुरक्षा, विकास और सहयोग की भावना को और मजबूत किया।

## खबर संक्षेप

### सीईओ ने अस्पताल का किया आकस्मिक निरीक्षण



**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा द्वारा जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान, उन्होंने अस्पताल की स्वच्छता, चिकित्सा सुविधाओं और मरीजों को प्रदान की जा रही सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के पश्चात, नाहटा ने अस्पताल प्रशासन को जिला अस्पताल में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए कहा कि चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ-साथ मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल में इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य होगी। और इस प्रकार के आकस्मिक निरीक्षण नियमित रूप किए जाएगें।

### दिव्यांग सुक्कू पिटला को मिली ट्राईसिकल



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार उप संचालक समाज कल्याय कमलेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में सुक्कू पिटला पिता मुत्ता ग्राम पेददाकोडेपाल के अस्थि बाधित दिव्यांग को ट्रायसायकल प्रदाय किया गया। दिव्यांग वर्तमान में छोटा किराना दुकान संचालित करता है। पूर्व में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग को ट्रायसायकल प्रदाय किया गया था, जो की कापी पुराना हो चुका है। वर्तमान में नया ट्रायसायकल विभाग द्वारा प्रदाय किया जिसे पाकर दिव्यांग सुक्कू पिटला ने जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## फोर्स की गतिविधियां : नक्सल प्रभावित तुमालपाड़ में सिविक एक्शन प्रोग्राम

# सीआरपीएफ क्षेत्र की सुरक्षा के साथ लोगों की सेवा में है तत्पर : आईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा



अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र तुमलपाड़ में 74 वीं वाहिनी केरिपु. बल द्वारा आईजी राकेश अग्रवाल डीआईजी एनके सिंह कमाण्डेंट हिमांशु पांडे की उपस्थिति में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान ग्राम तुमलपाड़, जोनागुड़ा,

- आईजी पहुंचे घोर नक्सल प्रभावित तुमालपाड़

अलीगुड़ा एवं जब्बागट्टा के जरूरतमंद महिलाओं, पुरुषों एवं स्कूली बच्चों के लिये दैनिक उपयोग में लाई जाने वाली सामग्री जैसे- सायकिल, कम्बल, साडी, लूँगी, गमछा, सोलर लाईट, टेलीविजन, चप्पल एवं बर्तनों में स्टील पतीला, भगौना, डेग्चा, स्टील गिलास, स्टील ट्रे, पानी का ड्रम, कृषि यंत्र में फावडा, गैंती एवं स्कूली बच्चों के लिये कापी, पेन, पेंसिल, स्कूल बैग, स्कूल यूनीफॉर्म, फुटबॉल, क्रिकेट किट, वॉलीबॉल, वॉलीबॉल नेट इत्यादि का वितरण किया गया। ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी गई एवं आवश्यकतानुसार चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस कार्यक्रम के दौरान ग्राम के सरपंच, अध्यापक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान 74 वीं वाहीनी केरिपु.बल द्वारा तुमलपाड़ के ग्रामवासियों के लिए खाने का आयोजन भी किया गया।

### बच्चे देश के भविष्य इनकी शिक्षा पर ध्यान देना जरूरी

कार्यकम को संबोधित करते हुए आईजी राकेश अग्रवाल ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा के साथ मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सरकार के द्वारा चलाये जा रहे सिविक एक्शन कार्यक्रम के माध्यम से तथा अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिले, इसी पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल हमेशा प्रयासरत रहती है और क्षेत्र में शांति स्थापित करने एवं ग्रामीणों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के लिये भविष्य में भी प्रयासरत रहेगी।

इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि बच्चे इस देश का भविष्य है तथा इनकी शिक्षा पर सभी को ध्यान देना है ताकि वो अच्छे नागरिक बनकर देश के विकास में अपना योगदान दे सके। इस कार्यक्रम की ग्रामीणों ने जमकर प्रशंसा की और ग्रामीणों ने इस क्षेत्र में नक्सल समस्या खत्म करने में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं पुलिस प्रशासन का हर संभव सहयोग करने की प्रतिबद्धता जताई।

## छात्रों में वैज्ञानिक चेतना का विकास करना हमारा मूल कर्तव्य : मेश्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार

- शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में दो दिवसीय विज्ञान से संबंधित विविध शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना, नवीनतम तकनीकी ज्ञान प्रदान करना एवं विज्ञान के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य डॉ रानू मेश्राम ने किया, मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो एएस झा एवं विशिष्ट अतिथि आइक्यूएसी प्रभारी प्रो. विमल रात्रे एवं विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मोहन सोलंकी उपस्थित रहे। डॉ मेश्राम ने कहा कि छात्रों में वैज्ञानिक चेतना का विकास करना हमारा मूल कर्तव्य है। भारतीय संविधान की धारा 51-ए(एच) के मुताबिक 'वैज्ञानिक प्रवृत्ति, मानवता और सवाल व सुधार की भावना का विकास करना' हर नागरिक का दायित्व है। प्रो झा ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रमन प्रभाव की खोज के कारण मनाया जाता है। इस खोज की घोषणा भारतीय वैज्ञानिक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने 28 फरवरी सन 1928 को की थी। इसी खोज के लिये उन्हे 1930 में नोबल पुरस्कार दिया गया था।

कार्यक्रम में प्रो तूणीर खेलकर, प्रो सीपी यादव, प्रो दिनेश दिवाकर, प्रो किशन मरावी, प्रो प्रीति किस्पोट्टा, प्रो नुरुल हक, प्रो चित्रलेखा कोड़ोपी, प्रो दुर्गेश कोटाङले, प्रो दुर्गेश देवांगन,डॉ शोएब अंसारी सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## शपथ ग्रहण...



**जगदलपुर।** कलेक्ट्रेट के आस्था हाल में कलेक्टर हरीश एस ने कांग्रेस के पार्षदगणों को शपथ दिलाया।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की कक्षा 6वीं की हुई प्रवेश परीक्षा

हरिभूमि न्यूज : गीदम



शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 2 मार्च रविवार को किया गया। परीक्षा

- 836 विद्यार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

के लिए जिले में कुल 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जिसमें गीदम विकासखंड में 2, दंतेवाड़ा विकासखंड में 1, कटेकल्याण विकासखंड में 1 व कुआकोंडा विकासखंड में 1 परीक्षा केन्द्र शामिल हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 1080 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था जिसमें से परीक्षा में 836 परीक्षार्थी उपस्थित व 244 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल, पेयजल एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई थी। परीक्षा संपन्न होने के पश्चात ओएमआर शीट एवं अन्य दस्तावेज नियमानुसार सील बंद करके कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, रायपुर को 4 मार्च को सौंपी जाएगी। अपर कलेक्टर, जिला नोडल अधिकारी, एकलव्य प्रवेश परीक्षा, राजेश कुमार पात्रे, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के एस मसराम तथा समस्त प्रेक्षकों ने परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण करके परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों के लिए मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की निगरानी की। सभी परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

## चुनाव हारने की ऐसी खीझ की भाजपा समर्थित सरपंच ने बंद कर दी गांव में पेयजल आपूर्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

पुराना सरपंच चुनाव हार गया उसने गांव में जल आपूर्ति बंद कर दी। ग्रामीण पानी के लिए दर-दर भटकने मजबूर हो गए। नए सरपंच ने टैंकर से पानी की व्यवस्था करवा

- कांग्रेस समर्थित नए सरपंच ने शुरू कराई टैंकर से जल आपूर्ति

दी। मामला बस्तर विधानसभा क्षेत्र के बकांवड ब्लॉक के ग्राम पंचायत छोटे जीराखाल का है। यहां पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित सरपंच लखेश्वर कश्यप को हार का सामना करना पड़ा। वहीं कांग्रेस समर्थित सरपंच प्रत्याशी डोमूधर बघेल की ऐतिहासिक जीत ने गांव के लोगों को आशा और विश्वास का एक नया संदेश दिया है।

चुनाव के बाद भाजपा समर्थित सरपंच लखेश्वर कश्यप ने 24 फरवरी से ग्राम पंचायत छोटे जीराखाल में पानी की आपूर्ति बंद कर दी है। इस कदम से गांव में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों को इस संकट का सामना करना पड़ा, लेकिन उनका हौसला डिगा नहीं। नवनिर्वाचित सरपंच डोमूधर बघेल ने इस संकट से निपटने के लिए त्वरित कदम उठाए और पूरे गांव में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की। डोमूधर बघेल ने प्रत्येक पारा और मोहल्ले में चार पानी टेंकर भेजकर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई। उन्होंने कहा कि आपने मुझे सेवा करने का मौका दिया है। मैं निस्वार्थ भाव से आपका सेवा करूंगा और गांव की हर समस्या का समाधान करूंगा। ग्रामीणों का कहना है कि भाजपा समर्थित पूर्व सरपंच की हार के बाद पानी बंद कर देना उनकी अमानवीय बर्ताव था, लेकिन अब अपनी सेवाएं दिया है उनका ध्यान गांव के विकास और जनता की भलाई पर है।

## विद्यार्थियों ने सीखा स्टोरीटेलिंग एनीमेशन और इंटरैक्टिव गेम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सुकमा और छिंदगढ़ विकासखंड के पोटाकेबिन स्कूल के बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मेराकी प्रोग्रामिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग कर विद्यार्थियों ने स्टोरीटेलिंग,

- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान कार्यशाला संपन्न

एनीमेशन और इंटरैक्टिव गेम बनाकर अपनी रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग और डिजिटल नवाचार से जोड़ना था जिससे वे तकनीकी शिक्षा के प्रति अधिक जागरूक और उत्साहित हों। सुकमा विकासखंड से कुम्हाररास, बुर्दी, केरलापाल, मुरतोंडा, गादीरास के पोटाकेबिन स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया वहीं छिंदगढ़ विकासखंड से पोटाकेबिन रोकेल और पोटाकेबिन तोंगपाल के बच्चों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को नवाचार और प्रोग्रामिंग कौशल में पारंगत करने के लिए एक दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। नवगुरुकुल टीम के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मेराकी प्रोग्रामिंग का उपयोग कर अपनी कल्पनाओं को डिजिटल रूप दिया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन सुकमा के तत्वाधान में संचालित किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा और डिजिटल साक्षरता के नए अवसर प्राप्त हुए। इस सकारात्मक पहल ने विद्यालयों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### गांव-गांव में लग रहा शिविर, किसानों का होगा पंजीयन

# किसानों का बनेगा डिजिटल फॉर्मर आईडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



शासन द्वारा कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व में एग्री स्टेक परियोजना के तहत जिले के प्रत्येक किसान की डिजिटल फॉर्मर आईडी किसान कार्ड बनाई जा रही है। इसके साथ ही कृषि भूमि को आधार कार्ड से भी जोड़ा जाएगा।

- कृषि के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाने सरकार की नई पहल

इस नवाचारी पहल के माध्यम से किसानों को कृषि योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा, जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, उर्वरक अनुदान, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और कृषि यंत्र अनुदान जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं।

### किसान करा सकेंगे पंजीयन

फॉर्मर आईडी बनाने के लिए लोक सेवा केंद्र सीएससी के माध्यम से जिले के सभी ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथि के अनुसार शिविर लगाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित शिविरों में राजस्व विभाग के पटवारी और कृषि विभाग के ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी भी किसानों को जागरूक करने और पंजीयन प्रक्रिया में सहायता के लिए तैनात किए गए हैं। 24 फरवरी से गांवों में लगाए जा रहे शिविर के माध्यम से अब तक लगभग 3075 किसानों का पंजीयन किया गया है। किसानों को फॉर्मर आईडी बनवाने के लिए अपनी सभी कृषि भूमि का बी-1, खसरा, ऋण पुस्तिका और आधार से लिंक मोबाइल नंबर जिस पर आधार सत्यापन ओटीपी प्राप्त हो सके प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

### किसानों को मिलेगी विशिष्ट पहचान संख्या

इस योजना के तहत किसानों को आधार से जुड़ी 11 अंकों की एक यूनिक फॉर्मर आईडी विशिष्ट किसान पहचान पत्र प्रदान की जाएगी, जिससे वे डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे। यह पहल किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता से पहुंचाने में सहायक होगी और कृषि के क्षेत्र को डिजिटल क्रांति की दिशा में आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# जरूरतमंदों को दिए गए दैनिक उपयोग के सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बीजापुर जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र पालनार में ए 222 वी वाहिनी केरिपुबल में विजेन्द्र सिंह, कमांडेण्ट 222 बटालियन के मार्ग दर्शन में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

- 222 बटालियन का सिविक एक्शन प्रोग्राम



इस कार्यक्रम के तहत पालनार क्षेत्र एवं अन्य आस-पास के गांव जैसे पुनेमपारा, मातापारा, पटेलपारा एंव गुंडापारा के जरूरतमन्द महिलाओ. पुरुषों एवं स्कूल के बच्चों को दैनिक उपयोग में लाई जाने वाली सामाग्री जैसे कम्बल, साल, साडी, धोती, लूंगी, सूट, सोलर लाईट, टेलीविज, चप्पल एवं वर्तन में (कढाई, स्टील पतीला, डेग्ची, पानी का ड्रम) कृषि यंत्र में (फावडा, गैंती, कुलाडी, कुदाल) एवं स्कूली बच्चों के लिये (कापी, पेन, पेन्सिल, स्कूल बैग, स्कूल यूनिफार्म, फुटबाल, क्रिकेट किट, बालीबाल) इत्यादि का वितरण किया गया और साथ में अनंता कृश्नन जे., वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी 222 बटालियन द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 ग्रामीणो को मुफ्त दवाईयां बांटी गई तथा उनका प्राथमिक चैकआप भी की गई। इस दौरान लगभग 400 की संख्या में ग्रामीण एवं बच्चे शामिल हुए, जिनके लिए कैम्प परिसर में भाण्डारा की भी व्यवस्था की गई। कार्यकम के दौरान विजेन्द्र सिंह, कमांडेण्ट 222 बटालियन केरिपुबल ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा के साथ मूल-भूत आवश्यकताओं की पुर्ति हेतु सरकार के द्वारा चलाया जा रहा सिविक एक्शन कार्यक्रम के माध्यम से तथा अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिले, इसी पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल हमेशा भरसक प्रयासरत रहती है और क्षेत्र में शांति स्थापित करने एवं ग्रामीणों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के लिए भविष्य में भी प्रयासरत रहेगी। कार्यक्रम के दौरान 222 बटालियन के ललित किशोर, उप कमांडेण्ट, अनंता कृश्नन जे., वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, जी. विकास मारूती, सहा कमांडेण्ट, कम्पनी कमाण्डर ए/222 बटा तथा सुखासिंह माझी (डिप्टी रेन्जर, वनविभाग गंगालूर), मालती ताती (सरपंच पालनार), टिरूपति कुडियम (सचिव), महेश ताती (पंच मातापारा), मंगू पदम (पंच पटेलपारा) तथा अन्य सम्मानित नागरिक भी मौजूद थी। इस कार्यकर्म की ग्रामीणों ने जमकर प्रशंसा की और ग्रामीणों ने इस क्षेत्र में नक्सल समस्या खत्म करने में केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल एवं पुलिस प्रशासन का हर सम्भव सहयोग करने की प्रतिबधता जताई।

### सेवानिवृत्त हुए 14 शासकीय सेवकों को मिला पेंशन प्राधिकार पत्र

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरीश एस. ने शुक्रवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में माह फरवरी में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पुष्पमाला एवं शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किए। वहीं इन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ एवं जीपीएफ प्राधिकार पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी ने बताया कि फरवरी माह में सेवानिवृत्त 23 शासकीय सेवकों में से 14 को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। शेष शासकीय सेवकों का आवश्यक कार्यवाही के बाद जल्द पीपीओ जारी कर दिया जाएगा। इस मौके पर महालेखाकार कार्यालय के लेखा अधिकारी अनुपम सिंह ने कहा कि महालेखाकार कार्यालय द्वारा इसे गुड प्रैक्टिस के रूप में अपने वार्षिक पत्रिका में शामिल किया गया है और ऐसी अनुकरणीय पहल अन्य जिला कोषालयों को भी शुरू करने के लिए आग्रह किया गया है।



**खबर संक्षेप**

## रमजान के रोजे रखे और इबादत की

**जगदलपुर।** रमजान का महीना शुरू होते ही लोगों ने दिनभर रोजा रखा। शाम को मस्जिद और घरों में इफ्तार में खाने-पीने के पदार्थ ग्रहण किया। रविवार की सुबह सेहरी में खुदा की ईबादत की गई, पहला रोजा आज होने से मुस्लिम समुदाय में खुशी का माहौल देखा गया। इस मौके पर शहर के सभी मस्जिदों में सजावट के साथ नमाज के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। मस्जिदों में मुस्लिमों ने पांच वक्त नमाज अता की। जामा मस्जिद के मौलाना इस्लाम बख्श साहब ने बताया कि रमजान का पाक महिना खुशियां लेकर आता है। इस माह में खुदा की ईबादत से मन की मुराद पूरी होती है, वही दीन दुखियों की सेवा से उन्नति और घर में खुशहाली आती है। रोजा रखने वालों ने सेंवई और खजूर भी खाने-पीने के अन्य सामग्रियों के साथ ग्रहण किया।

## जपं अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त

**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस सुकमा की अध्यक्ष महेश्वरी बघेल ने जिले के तीन जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए तीनों ब्लॉक के लिए प्रभारी और सहायक की नियुक्ति की है। वे ब्लॉक कांगेस अध्यक्ष से समन्वय बनाकर काम करेंगे। सुकमा ब्लॉक के प्रभारी राजूराम नाग और सहायक धर्मेन्द्र सिंह चौहान छिन्दगढ ब्लांक के प्रभारी दुर्गेश राय तथा सहायक भरत राम बघेल कोंटा ब्लॉक के प्रभारी बेको हुंगा तथा सहायक बोडडू राजा।

## पूजा अर्चना के बाद पदभार ग्रहण करेंगे महापौर आज

**जगदलपुर।** नव निर्वाचित महापौर संजय पाण्डेय सोमवार को 10:15 बजे शुभ मुहूर्त में महापौर के नए कार्यकाल का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ करेंगे। पदभार ग्रहण करने के दौरान आयुक्त, पार्षदगण एवं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी समेत भाजपा नेता मौजूद रहेंगे।

## 1397 विद्यार्थियों ने दिए परीक्षा

**सुकमा।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 2 मार्च रविवार को आयोजित किया गया। परीक्षा के लिए जिले में कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जिसमें सुकमा विकासखंड में 6 और कोंटा विकासखंड में 5 परीक्षा केन्द्र शामिल हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 1965 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था जिसमें से परीक्षा में 1397 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल, पेयजल एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई थी। परीक्षा संपन्न होने के पश्चात ओएमआर शीट एवं अन्य दस्तावेज नियमानुसार सील बंद करके कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर को भेजी गई। संयुक्त कलेक्टर एवं जिला नोडल अधिकारी परीक्षा सूरज कश्यप, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शरत चंद्र शुक्ला तथा समस्त प्रेक्षकों ने परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण करके परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों के लिए मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की निगरानी की। सभी परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

# दुर्गूकोंदल में मावा मोदोल पुस्तकालय शुरू, संवेदनशील क्षेत्र के छात्रों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए मावा मोदोल पुस्तकालय योजना के तहत विकासखंड दुर्गुकोंदल में मावा मोदोल पुस्तकालय का जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के द्वारा शुभारंभ किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने शुभारंभ करते हुए कहा कि क्षेत्र में वास्तव में प्रतिभा की कमी नही है, किन्तु इन्हे अवसर कैसे प्रदान किया जाए। इस दिशा में प्रशासन कार्य कर रहे है और इसी का परिणाम है कि हमने मावा मोदोल, सेना में भर्ती के लिए मैराथन टेस्ट व प्रशासनिक सेवा के लिए कोचिंग शासन स्तर पर क्षेत्र के युवाओं को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो इस दिशा में नियमित रूप से कार्य किया जा रहा है। जिला मुख्यालय में सेन्ट्रल लायब्रेरी, भानुप्रतापपुर व दुर्गुकोंदल में मावा मोदोल लाइब्रेरी प्रारंभ किया गया है, ताकि दूरस्थ क्षेत्र में भी छात्र प्रति दिवस लाइब्रेरी में प्रातः 7 बजे से रात्रि तक अपनी सुविधा अनुसार अध्ययन कर सके।

▪ पुस्तकालय से छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में लाभ मिलेगा

सीजी पीएससी प्रारंभिक परीक्षा में जो छात्र उत्तीर्ण होगा, ऐसे छात्रों को जिला प्रशासन द्वारा सीजी पीएससी मुख्य एवं साक्षात्कार तक की निःशुल्क तैयारी कराने की कार्ययोजना है। सेवानिवृत्त प्राचार्य श्रीधर दास ने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना मावा मोदोल पुस्तकालय ज्ञान का मंदिर हैं, जो मानव इच्छा को शांत करते हैं। अतीत के झरोखों की झलक दिखाते हैं तथा उसके बौद्धिक स्तर को उन्नत करते हैं।

### क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं पर बेहतर अवसर चाहिए : सीईओ




#### किताबों के साथ डीवीडी भी

एबीईओ अंजनी मंडावी ने कहा कि प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना मावा मोदोल से लोगों के लिए विभिन्न उद्देश्यों के लिए उन तक पहुंच बनाना आसान होगा। मावा मोदोल पुस्तकालय बहुत सहायक और किफायती भी हैं। इनमें किताबें, पत्रिकाएं, समाचार पत्र, डीवीडी, पांडुलिपियां और बहुत कुछ शामिल हैं। कॉलेज छात्रा सुचेता उइके ने कहा कि मावा मोदोल पुस्तकालय से प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने में कीमती किताब जो हम नही खरीद पाते थे, अब सहज ही उपलब्ध होंगे, जिससे हमे करेंट अफेयर्स और प्रारंभिक परीक्षा का अभ्यास, पिछले कई वर्षो के प्रश्नों का संग्रह, इससे हम लोगो को लाभ प्राप्त होगा। प्रशासन की महत्वपूर्ण योजना से लाइब्रेरी से पाठन सामग्री और नोटस भी उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने बताया कि क्षेत्र के बेरोजगार युवक लाइब्रेरी पुस्तकालय में अपना पंजीयन काराए और लाभ उठाएं पुस्तकालय का शुभारंभ हो चुका है एवं नियमित रूप से सोमवार 3 मार्च से प्रारंभ हो जाएगी। मावा मोदोल शुभारंभ के अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी शिवप्रसाद कोसरे, तहसीलदार केतन भोयर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, डीपीएम रमेश बैस, सहायक अभियंता आईआर कंवर आदि उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता : देश के युवकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर जिला स्तरीय स्पर्धा में छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के द्वारा शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कोरर में जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विविध रोचक विज्ञान गतिविधियों के साथ मनाया गया। भारत सरकार नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के डॉ.जेके राय वैज्ञानिक एवं जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में जिला समन्वयक पवन कुमार सेन ने बताया कि छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के द्वारा मुख्य कथानक विकसित भारत के लिए विज्ञान एवं नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना विषय पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विज्ञान दिवस आयोजन में विविध कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी विज्ञान प्रश्नोत्तरी विज्ञान जन, विज्ञान गीत एवं विज्ञान चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो सत्र में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें व्याख्याताओं ने अपने विचार रखे।

▪ विकसित भारत के लिए विज्ञान व नवाचार जरूरी




#### भाषण प्रतियोगिता में साक्षी व तान्या ने मारी बाजी

भाषण प्रतियोगिता में विकसित भारत के लिए युवाओं के वैज्ञानिक एवं नवरी सोच को प्रस्तुत किया गया। इस प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में प्रथम साक्षी प्रजापति सेजेस कोरर, द्वितीय जिया देमन्ना माध्यमिक विद्यालय चिल्हाटी और तृतीय मधु साहू सेजेस कोरर वहीं वरिष्ठ वर्ग में प्रथम तान्या सेजेस भानुप्रतापपुर, द्वितीय शौर्य श्रीवास्तव सेजेस भानुप्रतापपुर और तृतीय प्रियंका शासकीय हायर सेकेंडरी हाटकर्रा रहे।

#### प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में धीरज व शौर्य ने रहे प्रथम

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में प्रथम धीरज राजपूत सेजेस कोरर, द्वितीय देवीश लाटिया सेजेस कोरर और तृतीय लालिमा कोमरे माध्यमिक शाला कोरर रहे वहीं वरिष्ठ वर्ग में प्रथम शौर्य श्रीवास्तव एवं ध्रुव साहू सेजेस भानुप्रतापपुर द्वितीय भावेश नाग सेजेस भानुप्रतापपुर तृतीय तान्या श्री मंढारिया, आदित्य साहू सेजेस भानुप्रतापपुर रहे।



#### वर्णिका और भावना का रहा बेहतर प्रदर्शन

चित्रकला प्रतियोगिता कनिष्ठ वर्ग में प्रथम वर्णिका जैन सेजेस कोरर, द्वितीय लालिमा एवं होलिका माध्यमिक शाला कोरर और तृतीय आलिया खान सेजेस कोरर रही, वहीं वरिष्ठ वर्ग में प्रथम भावना साहू सेजेस भानुप्रतापपुर, द्वितीय नीलम कोलियारा हायर सेकंडरी कोरर और तृतीय दीपिका महिलांगे व डिंपल पद्दा सेजेस भानुप्रतापपुर रहे। यह प्रतियोगिता शिक्षिका तान्या मानकर, शशि कौशिक, पुष्पलता वैद्य के नेतृत्व में हुआ।

#### विज्ञान के प्रति दिखा रूझान

विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में बच्चों ने अपने बाल मन में विज्ञान के प्रति रुझान को मूर्त रूप देते हुए नवरी मॉडल को प्रदर्शित किया। कनिष्ठ वर्ग में प्रथम खुशबू साहू व मोलेस जैन, गुंजन कुमार हायर सेकेंडरी सेलेगांव द्वितीय व शौर्य श्रीवास्तव सेजेस भानुप्रतापपुर तृतीय रहे, वहीं वरिष्ठ वर्ग में प्रथम निखिल सिंह सेजेस कोरर, द्वितीय रितेश साहू व युवराज साहू माध्यमिक शाला रॉडवाही और तृतीय सावित्री तेता, भुनेश्वरी, लालिमा कोरेटी, मानसी माध्यमिक शाला डोंगरगांव रही। विज्ञान गीत प्रतियोगिता व्याख्याता में वरिष्ठ वर्ग में प्रथम नीलिमा कुलियारा द्वितीय कोमल बघेल तृतीय दीना गोटा धरना साहू हायर सेकेंडरी कोरर रहे। कनिष्ठ वर्ग में प्रथम रौनक कुरेशी द्वितीय खुशी दरदाई तृतीय गुलशन साहू रहे।

# स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ का स्थापना दिवस वृद्धाश्रम में सेवा भाव के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के 11 वें स्थापना दिवस को प्रदेश के 33 जिलों में धूमधाम से मनाया गया, जिसमे प्रदेश के सभी जिलों में स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के 18000 ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजको ने वृद्धाश्रम, अनाथ आश्रम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल, पोषण पुनर्वास केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती मरीजों को फल वितरण करते हुए कपड़ो का भी वितरण किया गया।

▪ मरीजों को फल और कपड़े बांटे गए

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग का सबसे बड़ा संगठन है। संघ के 11 वें स्थापना दिवस को मरीजो एवं दीन दुखियों की सेवा में लगाकर मानवता की मिसाल पेश किया है। जिले के कार्यकारी जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार नाग ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग पीड़ित मानवता की सेवा के लिए समर्पित है। संघ के स्थापना दिवस पर पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के 18000 ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों ने अलग अलग जगहों में मानव सेवा कर इस दिवस को खास बनाया है। जिला महामंत्री जे आर नेताम ने कहा कि संघ की स्थापना दिवस के अवसर पर नंदनमारा स्थित वृद्धाश्रम में जिला टीम द्वारा आश्रम के वृद्धजनों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना, अपनों से अपनी बात में सभी ने संवेदनशील भावनों से अपना सुख-दुख साझा किया, मोतियाबिंद के कारण आंखों से कम दिखाई देने के कारण एक महिला को उचित जांच परामर्श देकर उसे नेत्र विशेषज्ञ से जांच कराने के लिए आश्रम के संस्था प्रमुख को जानकारी दिया। इस दौरान सभी को फल वितरित कर सभी के स्वस्थ्य व आरोग्य पूर्ण जीवन की कामना किया। इस दौरान आश्रम की संचालिका बुलबुल वैद्य, एससी वैद्य व आश्रम के अन्य कर्मचारी सहित स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के जिला सचिव हेमंत साहू, जिला उपाध्यक्ष खगेन्द्र सोनकर, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रचना गोटा, हेमलता तिवारी उपस्थित रहे।



## फाउंडेशन क्लास के बच्चों के लिए पोयम रिसाइटिग प्रतियोगिता हुई

**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में फाउंडेशन क्लास नर्सरी से क्लास टू के बच्चों के लिए अंग्रेजी भाषा में ज्ञान अभिवृद्धि करने के लिए एवं कविता को लय एवं हाव-भाव से बोलने तथा अंग्रेजी भाषा के शब्द भण्डार में अभिवृद्धि करने के लिए अंग्रेजी पोयम रिसाइटिग कॉम्पिटिशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अधिक संख्या में छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत आंनद और खुशी के साथ मंच पर अंग्रेजी पोयम सुनाया। पोयम रिसाइटिग कॉम्पिटिशन में एलकेजी क्लास से प्रथम स्थान अनुभव खरे, प्रियांशु मरकाम, अनुष्का गोस्वामी, सेवन्या सिन्हा, द्वितीय स्थान में ओमेघा साहू, लिसिका देवांगन एवं हार्दिक प्रजापति, जिशा मेहरा, कुशन सिंह ठाकुर, हर्षिवी ठाकुर, मो. हसन रजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। यूकेजी क्लास से प्रथम स्थान अलीजा बानो, ग्रंथ पाण्डे, युग सिन्हा द्वितीय हुनैन खान, सार्थक मण्डावी, मान्यता कश्यप, मायरा सेवानी, लावन्या देवांगन, शेख इरम, यषस्वी मरकाम ने तृतीय स्थान प्राप्त किए।



इस कार्यक्रम में कोऑर्डिनटर पूनमजीत कौर, इन्चार्ज टिचर वर्षा रमानी, सरिता मिश्रा, सलमा खान, इतिश्री गोलुगुरी, मेघा सेवा, शबाना परवीन, एस.मर्सी, अपूर्वा ठाकुर, रामेश्वरी साहू, यमुना बिलोधिया का अथक प्रयास एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा। पोयम रिसाइटिग कॉम्पिटिशन का आयोजन बच्चों ने अपनी बातों को सभी के बीच गीत एवं हाव-भाव के साथ कहने तथा छोटे बच्चों में भी आत्मविश्वास जागृत करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस सफल कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान एवं अन्य शिक्षकों का योगदान रहा।

## बाइक की ठोकर से छात्रा का पैर टूटा, चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से सायकल में सवार होकर स्कूल जा रही छात्रा को बाईक चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दिया, जिससे छात्रा का पैर टूट गया व चेहरे पर चोट आई। संजीवनी 108 की मदद से घायल छात्रा को ईलाज के लिए चारामा के अस्पताल में भर्ती किया गया। चोट गंभीर होने के कारण उसे हायर सेंटर रिफर किया गया था।

थाना में शिकायत करने पहुंची जैसाकर्रा निवासी लक्ष्मी गजेंद्र पिता बहुल सिंह गजेंद्र ने पुलिस को बताया कि बारहवीं में पढ़ाई कर रही हूं। प्रतिदिन सायकल से स्कूल से आना जाना करती हूं और 8 जनवरी को रोज की तरह घर से स्कूल जा रही थी। सुबह करीबन साढ़े 9 बजें जैसाकर्रा से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के पास पहुंची थी। चारामा की ओर से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 8619 का चालक धमतरी निवासी अर्जुन देवांगन पिता दिनेश देवांगन अपने बाईक को अत्यंत तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरा दाहिना पैर टूट गया है एवं चेहरे पर भी चोटे आई। घटना को राह चलते लोगों ने देखा और मुझे 108 वाहन की मदद से चारामा अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर चोट आने की वजह से हायर सेंटर धमतरी रिफर किया गया। स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार आने के बाद थाना में शिकायत करने आई हूं। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।




# पीजी कॉलेज परिसर के आसपास जनसहयोग संस्था ने सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जनसहयोग संस्था के द्वारा रविवार 2 मार्च को पीजी काँलेज में स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें काँलेज का अमला, छात्र, पार्षद और भूतपूर्व सैनिकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

कॉलेज परिसर में आसपास के दुकानदारों द्वारा कचरा फेंकने और नियमित सफाई नहीं होने के कारण बहुत अधिक कचरा जमा हो गया था, जिसकी सफाई के लिए काँलेज का अमला, छात्र, पूर्व सैनिक एवं जन सहयोग के सदस्य एकत्र हुए और स्वच्छता अभियान में लग गए। इसी दौरान उदय नगर वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद चंद्रलोक ठाकुर भी किसी कार्य से उधर जाते हुए रुक गए और उन्होंने अपनी ओर से दिलचस्पी लेते हुए सक्रियता पूर्वक साफ-सफाई में भाग लिया। उन्होंने जन सहयोग संस्था की प्रशंसा करते हुए भविष्य भी अपनी ओर से विभिन्न अभियानों में साथ देने का वादा भी किया। रविवार को चले स्वच्छता अभियान में पीजी कॉलेज की ओर से कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर डीएल पटेल, कार्यक्रम अधिकारी अलका केरकेट्टा, मीनाक्षी साहू, रतना प्रिया सेन, भूमि सिन्हा, समारू पोडियाम, पूर्व सैनिक टेश्वर जैन, पूर्व जनपद सदस्य संजय कुंजाम के अलावा जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, वरिष्ठ समाज सेवक डॉ. श्याम देव, बल्लू राम यादव, करण नेताम ने समर्पित भाव से श्रमदान करते हुए कॉलेज परिसर को अंदर बाहर से अच्छी तरह स्वच्छता अभियान चलाया गया।





# रेडक्रास ने विक्रांत को आर्थिक मदद पहुंचाई



**कांकेर।** रेडक्रॉस जिला शाखा ने विक्रांत मौर्या उम्र 4 वर्ष निवासी सिदेसर को ईलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि जारी किया। जिला संगठक पवन कुमार सेन ने बताया कि आवेदिका राधा मौर्य निवासी सिदेसर ने सुपुत्र विक्रांत के किडनी के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने कलेक्टर के समक्ष आवेदन किया था। आवेदिका की माँग पर कलेक्टर एवं अध्यक्ष निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए विक्रांत के बेहतर इलाज के लिए भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा से आर्थिक सहायता राशि पंद्रह हजार रूपये जारी किया। चेक सौंपने के दौरान सीमएचओ एवं सचिव डॉ. महेश सांडिया एवं डॉ विनोद वैद्य उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport